# महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय

## जंगल धूसड़- गोरखपुर

फोन नं0 : 0551–6827552, 2105416
मो. : 9794299451
Website: www.mpm.edu.in
E-mail : mpmpg5@gmail.com

स्थापित २००५ ई.

पत्रांक : ..................          दिनांक : 24.08.2016

**प्रकाशनार्थ**

न बैण्डबाजा, न तो हुड़दंग, न ही व्यवस्था को चुनौती देने वाली अराजक भीड़ का जमावड़ा और न तो पुलिस का एक भी जवान, जबकि 1968 में से 1445 विद्यार्थी आया, पंक्ति में खड़ा हुआ और वोट डालकर चला गया। मुख्य द्वार पर मात्र प्रत्याशियों और उनके कुछ परिचय–पत्र लिये समर्थक छात्रों तथा मतदान केन्द्रों पर उनके प्रतिनिधियों की शान्तिपूर्व उपस्थिति में 73.42 प्रतिशत मतदान सम्पन्न हुआ। मतगणना हुई, विजयी प्रत्याशियों की घोषणा हुई, विजयी प्रत्याशियों ने पराजित प्रत्याशियों को गले लगाया और पराजित प्रत्याशियों ने विजयी प्रत्याशियों को फूल–मालाएं पहनाकर बधाई दी। यह कहानी नहीं महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर में आज सम्पन्न छात्रसंघ चुनाव का वास्तविक दृश्य है। प्राचार्य डॉ0 प्रदीप राव कहते हैं कि छात्रसंघ शिक्षण संस्था का महत्वपूर्ण घटक है। भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में छात्रसंघ राजनीति की प्रथम पाठशाला है। शिक्षण संस्थाओं में अराजकता के पीछे विद्यार्थी नहीं व्यवस्था दोषी है। संस्था प्रमुखों का भ्रष्ट होना, संस्था के संचालन के पीछे कोई उद्देश्य अथवा मिशन का न होना इसका प्रमुख कारण है।

महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर में आज सम्पन्न छात्रसंघ चुनाव में **अध्यक्ष** पद पर एम0काम0 प्रथम वर्ष के छात्र श्री सिद्धार्थ कुमार शुक्ला 166 मतों से विजयी हुए। सिद्धार्थ कुमार शुक्ला को कुल 803 मत मिले, जबकि निकटतम प्रतिद्वन्दी बी0ए0 भाग तृतीय के श्री सतीश पाण्डेय को 637 मत प्राप्त हुआ। **उपाध्यक्ष** पद पर एम0काम0 द्वितीय वर्ष की सुश्री प्रगति मिश्रा 140 मतो से विजयी घोषित की गयी। सुश्री प्रगति मिश्रा को कुल 502 मत मिले, जबकि इनके निकटतम प्रतिद्वन्दी बी0ए0 भाग द्वितीय के श्री विनय साहनी को 362 मत मिला। बी0ए0 भाग तीन के श्री सुधान्शु यादव को 296 मत तथा बी0ए0 भाग एक के श्री राहुल गिरि को 279 मत प्राप्त हुआ। **महामंत्री** पद पर बी0काम0 भाग तीन के श्री अनुराग त्रिपाठी ने अपने निकटतम प्रतिद्वन्दी बी0ए0 भाग दो के श्री रवि प्रताप नागवंशी को 160 मतों से पराजित किया। श्री अनुराग त्रिपाठी को कुल 502 मत मिले जबकि श्री रवि प्रताप नागवंशी को 342 मत प्राप्त हुआ। बी0एड0 के श्री अनिल कुमार को 318 तथा एम0ए0 द्वितीय वर्ष के श्री धनन्जय विश्वकर्मा को 277 मत प्राप्त हुये। कुल 1445 में से अध्यक्ष पद पर 5, उपाध्यक्ष पद पर 6 तथा महामंत्री पद पर 6 मत अवैध घोषित हुये।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रातः 9:00 बजे से मतदान प्रारम्भ हो गया। मतदान के लिए बने तीन मतदान केन्द्रों पर लम्बी–लम्बी कतारों में विद्यार्थी खड़े हो गये। एक बजे तक मतदान पूर्ण हुआ। दो बजे से मतगणना प्रारम्भ हुई और चार बजते–बजते चुनाव अधिकारी डॉ0 प्रवीन्द्र कुमार शाही ने विजयी प्रत्याशियों की घोषणा कर दी। अन्त में चुनाव अधिकारी ने विजयी प्रत्याशियों को प्रमाण–पत्र दिया तथा उन्हें हार्दिक बधाई दी। प्राचार्य डॉ0 प्रदीप राव सहित सभी शिक्षकों ने विजयी प्रत्याशियों को हार्दिक बधाई दी।

**(डॉ0 प्रवीन्द्र कुमार शाही)**
चुनाव अधिकारी, छात्रसंघ

# मतगणनाः

# छात्रसंघ चुनाव परिणाम— 2016—17

## कुल मत— 1445, अवैध मत—17

अध्यक्ष पद के लिए

| | | |
|---|---|---|
| **1.** | **सिद्धार्थकुमार शुक्ल(एम0काम0— I)** | **803** |
| 2. | सतीशपाण्डेय(बी0ए0—III) | 637 |

उपाध्यक्ष पद के लिए

| | | |
|---|---|---|
| **1.** | **प्रगतिमिश्रा(एम0काम0— II)** | **502** |
| 2. | विनय साहनी(बी0ए0— II) | 362 |
| 3. | सुधान्शु यादव(बी0ए0— III) | 296 |
| 4. | राहुलगिरि(बी0ए0— I) | 279 |

महामंत्री पद के लिए

| | | |
|---|---|---|
| 1. | धनन्जय विश्वकर्मा(एम0ए0— II) | 277 |
| **2.** | **अनुराग त्रिपाठी(बी0काम0— III)** | **502** |
| 3. | रविप्रतापनागवंशी(बी0ए0— II) | 342 |
| 4. | अनिलकुमार(बी0एड0— I) | 318 |